हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 30 मार्च 2026

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 रामसत्ता में भक्ति की गूंज, बालिका मंडल की प्रस्तुति...





07 सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय...



## खबर संक्षेप

### डॉ. प्रवीण तोगड़िया मंगलवार को आएंगे



**नर्मदापुरम।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक प्रखर वक्ता राम जन्म भूमि आंदोलन के महानायक डॉ. प्रवीण तोगड़िया मंगलवार 31 मार्च को नर्मदापुरम आएंगे। सर्वप्रथम तोगड़िया अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद नर्मदापुरम के जिला अध्यक्ष राजीव गौर के निवास ग्वालटोली प्रातः 9:30 बजे पहुंचेंगे। प्रातः 10:30 बजे सेठानी घाट पर स्वागत एवं माँ नर्मदा का पूजन पाठ किया जाएगा। इसके बाद पूर्व विधायक पं. गिरिजा शंकर शर्मा के निवास पर उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद तोगड़िया शहर से प्रस्थान करेंगे।

### आज सार्वजनिक अवकाश रहेगा

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में तथा स्थानीय परिस्थितियों एवं जनभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला नर्मदापुरम में पूर्व में घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन किया गया है।

## नपा की लापरवाही: समस्या का समाधान नहीं मिल रहा, नागरिक परेशान

# 3 महीने से पानी की किल्लत, शिकायत वापस लेने उपभोक्ता पर बनाया दवाब

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

शहर के एक जागरुक नागरिक ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली और अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पिछले तीन महीनों से नल सप्लाई की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ता ने जब सीएम हेल्पलाइन का सहारा लिया, तो समस्या सुलझाने के बजाय अब उन पर शिकायत वापस लेने का अनैतिक दबाव बनाया जा रहा है।

शिकायतकर्ता द्वारा लगातार अपनी समस्या को लेकर नपा से गुहार लगा रहा है लेकिन नगर पालिका द्वारा नागरिकों की समस्याओं का कोई स्थाई हल नहीं दिया जाता है। नपाकर्मियों द्वारा मरम्मत और सफाई के नाम पर मात्र खानापूर्ति कर दी जाती है। नागरिकों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की बात कही है।

नपा की कार्यप्रणाली फिर चर्चा में आई। जहां नागरिकों की समस्या का हल नहीं मिल रहा वहीं शिकायत बंद करने का दवाब बनाया जा रहा है।



### मामला क्या है?

पीड़ित उपभोक्ता के अनुसार, पिछले 3 माह से क्षेत्र में पानी की सप्लाई बाधित है। शिकायत करने पर जो मरम्मत कार्य किया जाता है, वह मात्र एक-दो महीने ही टिक पाता है और समस्या जस की तस बनी रहती है। जब उपभोक्ता ने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई, तो विभाग में हड़कंप मच गया। अधिकारियों द्वारा दबाव का आरोप

### सीएमओ ने दिया साथ

जब उपभोक्ता ने इस संबंध में सीधे मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ से संपर्क किया और वस्तुस्थिति से अवगत कराया, तो सीएमओ ने मामले की गंभीरता को समझते हुए उपभोक्ता को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायत वापस न लें। उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे इस मामले में उचित कार्रवाई करेंगे। इस घटना ने नगर पालिका के तकनीकी अमले की कार्यक्षमता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। सवाल यह उठता है कि क्या विभाग अपनी कमियों को सुधारने के बजाय शिकायतकर्ताओं को धमकाकर अपनी रैंकिंग सुधारना चाहता है?

### अन्य वार्डों में भी बनी है नाली की समस्याएं

नगर के मालाखेड़ी स्थित नगर पालिका द्वारा नालियों की सफाई नहीं किये जाने की समस्याओं की शिकायत वार्डवासियों द्वारा लगातार की जा रही है इसके बाद भी नपा द्वारा कोई समाधान नहीं मिल रहा है। वहीं मुख्य चौराहे पर नाली नहीं होने से पानी एक जगह जमा हो रहा है जिससे लोग परेशान है इसके बावजूद भी नपा का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

### अधिकारियों द्वारा किया जा रहा मजबूर

चौंकाने वाली बात यह है कि समस्या का स्थायी समाधान करने के बजाय, संबंधित सुपरवाइजर द्वारा उपभोक्ता को लगातार फोन कर शिकायत वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उपभोक्ता का आरोप है कि सुपरवाइजर ने इंजीनियर आयुषी रिछारिया के हवाले से कहा कि मैडम का सख्त निर्देश है कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायत हर हाल में कटवाओ।

## पुलिस ने कार्रवाई की, अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

### अवैध शराब की बिक्री कर रहा था आरोपी



**हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत छत्रपाल पहलवान ढाबे के पास अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 28 मार्च की शाम करीब 7:10 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने पथरोटा स्थित पहलवान ढाबे के बाजू में दबिश दी।

यहां आरोपी श्यामसिंह 54 वर्ष, पिता रामसिंह राजपूत, निवासी मीठा कुआं के पास, पुरानी इटारसी, अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा था।

शासन की ओर से पथरोटा थाने के आरक्षक नीतेश दवेडे की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से शराब जब्त की है। आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

### न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर के उपार्जन कार्य हेतु 16 उपार्जन केंद्र निर्धारित

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए चना और मसूर की खरीद के लिए 16 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गए है। इन केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एफ.ए.क्यू. मापदंड अनुरूप उपार्जन किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा उपार्जन समिति, संस्थाओं नर्मदाचल वि स संस्था मर्या नर्मदापुरम, वृ.से.स.समिति डोलरिया कांद्राखेडी, से.स.समिति बांकाखेडी, से.स.समिति खपरिया, वृ.से.स.समिति धामनिय आदि बनाए गए हैं।

## परशुराम प्राकट्योत्सव 18 अप्रैल को, निकालेंगे विशाल शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी**

भगवान विष्णु के अवतार एवं विप्र समाज के आराध्य प्रभु परशुराम का प्राकट्योत्सव आगामी 18 अप्रैल को नगर में अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।


इस आयोजन को लेकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक तैयारियाँ चल रही हैं। युवा वर्ग द्वारा घर-घर जाकर सामाजिक बंधुओं को जयंती समारोह के आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को कस्तूरबा नगर, वार्ड क्रमांक 22 में आमंत्रण पाती वितरण का कार्य किया गया। परशुराम सेना के जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन जिला सर्व ब्राह्मण समाज के संरक्षक एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा तथा जिलाध्यक्ष पं. जितेंद्र ओझा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न होउन्होंने बताया कि 18 अप्रैल, शनिवार को सायं 4 बजे शोभायात्रा परशुराम भवन से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शांति भवन पहुंचेगी।

## नरवाई जलाने की शिकायत पर प्रशासन मुस्तैद मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश दी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

बैराखेड़ी एवं सांवलखेड़ा में किसानों द्वारा नरवाई जलाए जाने की शिकायत को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। प्रशासनिक टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि रविकांत सिंह, सहायक संचालक कृषि श्री राजीव यादव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुश्री जयश्री देशमुख एवं कृषि विस्तार अधिकारी नेहा नागोले ने गांव पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद किया।

अधिकारियों ने किसानों को स्पष्ट रूप से नरवाई नहीं जलाने की समझाइश देते हुए बताया कि इससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है तथा गोशालाओं के लिए आवश्यक भूसा भी नष्ट हो जाता है। उन्होंने किसानों को



फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नंदनी गोशाला की टीम के साथ भी चर्चा की गई। आसपास के उन किसानों से संवाद कर उन्हें समझाया गया, जो गोशाला के लिए भूसा बनाने में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। अधिकारियों के समझाइश के बाद किसानों ने गोशाला हेतु भूसा निर्माण में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।

भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम

## भाजपा ने अपनी विचारधारा से कभी भी समझौता नहीं किया : हेमंत खंडेलवाल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत नर्मदापुरम के रामानंद गार्डन में शामिल हुए। मंडल प्रशिक्षण वर्ग को उन्होंने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बदलते समय के साथ कार्यपद्धति में बदलाव किया है, लेकिन अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न सत्र, बड़ी संख्या में



कार्यकर्ता शामिलमंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ वंदे मातरम् गीत से हुआ।

कार्यक्रम में विधायक सीताशरण शर्मा, विधायक विजयपाल सिंह, प्रेमशंकर वर्मा, संभागीय प्रभारी भरतसिंह राजपूत, जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना एवं ज्योति चौरे, वरिष्ठ नेता मनोहर बढ़ानी, जिला मीडिया प्रभारी अमित माहाला, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक महालहा आदि मौजूद रहे।

## सपाक्स स्पीक संस्था व मां रेवा सेवा समिति के सदस्यों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

सपाक्स स्पीक संस्था व मां रेवा सेवा समिति के सदस्यों ने पौधों का संरक्षण किया। कृष्ण देव नारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस ग्राउंड में समिति द्वारा लगाए पौधों के संरक्षण के तहत जल सिंचित किया साथ ही पोस्ट आफिस घाट पर ज्वारे विसर्जन के दौरान अविशिष्ट पूजन सामग्री पौलीथीन गन्दे कपड़े इत्यादि एकत्रित कर आग लगाकर नष्ट किए गए। त्रिपाठी ने कहा हम सब मां नर्मदा मैया जी के आस पास रहने वाले सौभाग्यशाली हैं जो हमें हमारे अच्छे कर्मों से मां के निरंतर दर्शन लाभ प्राप्त हो रहे हैं।अब हमारा कर्तव्य है कि आने वाली पीढ़ियों को भी मां का आशीर्वाद मिलता रहे।



इसके लिए हम सभी का परम कर्तव्य है कि हम नर्मदा मैया के किनारे फलदार छायादार पेड़ पौधे अधिक से अधिक लगायें ताकि मां कि अविरल जल धारा निरंतर बहती रहे। इस अवसर पर कुमारी राधिका लामा शिवानी धुर्वे आर के सैनी नंदकिशोर रघुवंशी डा.मयंक तोमर धर्मेंद्र राजोरिया निखिल राय प्रिंस सराठे चित्रांश बाथम रणधीर सिंह संस्कार धुर्वे संदीप विनोद व सपाक्स स्पीक संस्था के जिला अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के एन त्रिपाठी ने भाग लिया।

## 18 वाहनों के कटे चालान, ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर लगाया रेडियम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी**

इटारसी थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के निर्देशन में रविवार सुबह इटारसी थाने के सामने दो घंटे तक सघन यातायात चेकिंग अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 18 वाहनों के चालान काटकर 5600 रुपये का समन शुल्क वसूला गया।

बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले 17 चालकों पर 300-300 रुपये का जुर्माना किया गया। दोषपूर्ण नंबर प्लेट पाए जाने पर एक वाहन का 500 रुपये का चालान काटा गया। सड़क हादसों को रोकने के उद्देश्य से 8-10 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों




पर रेडियम पट्टियां लगाई गईं।

कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन की समझाइश दी और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा मामला: राज्य शिक्षक संघ ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की पुनर्विचार याचिका

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

शिक्षक पात्रता परीक्षा मामले को लेकर राज शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की गई । प्रांत अध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सुप्रीम कोर्ट पहुंचकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं से मुलाकात कर चर्चा करते हुए उक्त मामले में पुनर्विचार याचिका से संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के नाम से पुनर्विचार याचिका हेतु कार्यवाही पूर्ण की ।

प्रांत अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर उत्पन्न असमंजस की स्थिति से



शिक्षकों को चिंतित होने की एवं व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे साथ ही उक्त मामले को लेकर शासन स्तर पर भी सतत संवाद बना हुआ है। राज्य शिक्षक संघ ने प्रदेश भर में विधायकों एवं सांसदों के माध्यम से भी उक्त मामले को लेकर अपनी बात रखी गई है। प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल में गजेन्द्र बछले, नागेंद्र त्रिपाठी , नरेंद्र त्रिपाठी, राजेश ऐलिया, गिरीश द्विवेदी , आनंद कुमार त्रिवेदी , सत्येंद्र सिंह गौर , शैलेंद्र श्रीवास्तव एवं अनिल पटेल प्रमुख रूप से प्रतिनिधि मंडल में उपस्थित रहे।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी का जिलाध्यक्ष ने स्वागत किया



**हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी**

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे छिंदवाड़ा से भोपाल लौटते समय कुछ देर के लिए पथरोटा स्थित 11 मुखी हनुमान मंदिर के पास दर्शन करने के लिए रुके। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय को जीतू पटवारी के आने की सूचना प्राप्त हुई। तत्काल जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम सेन एवं अन्य साथियों सहित पटवारी का स्वागत करने हेतु मंदिर के समक्ष पहुंच गए, और उन्होंने जीतू पटवारी एवं सुखदेव पांसे से मुलाकात कर उनका स्वागत किया एवं कुछ आवश्यक चर्चा की। बता दे कि गुड्डन पांडेय प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के पसंदीदा जिलाध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में से एक है, जिनकी सूझ बुझ और रणनीति का लोहा पटवारी भी मानते हैं।

### एक अप्रैल को मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव

## हमारी शाला, हमारी जिम्मेदारी के अंतर्गत शिक्षकों ने की साफ सफाई, 1 अप्रैल से शुरू होगा नया शैक्षणिक सत्र

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 का आगाज एक अप्रैल से होगा स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा और नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक बंदन का स्वागत किया जाएगा। इसी दिन छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठय पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। विगत एकेडमिक वर्ष में 85% से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के पालकों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनका सम्मान किया जाएगा तथा संस्था में पूर्णतया अनुशासित छात्र छात्रों को भी संस्था स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

कक्षा नौवीं में प्रवेशित छात्र-छात्राओं का एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक ब्रिज कोर्स के अंतर्गत बेसलाइन टेस्ट लिए। जाएगा संस्था स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कक्षा 9वी एवं 11वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की अंकसूची का वितरण किया जाएगा।




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा के प्राचार्य राममोहन रघुवंशी ने बताया कि संस्था स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। संस्था के सभी शिक्षकों ने हमारी शाला हमारी जिम्मेदारी के अंतर्गत संस्था परिसर शौचालय की साफ सफाई की गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने भी सहयोग किया एक अप्रैल को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा निशुल्क पाठय पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। कैचमेंट की शालाओं से कक्षा आठवीं एवं 11वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को संबंधित प्रधान पाठकों द्वारा प्रमोट कर दिया गया है।

## पत्नी, बच्चों ने की युवक से मारपीट, एसपी से लगाई गुहार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

शहर के कमिश्नर कॉलोनी निवासी राजेश चौहान ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं करने को लेकर पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग की है। राजेश चौहान का कहना है कि जब वह शिकायत लिखाने थाने पहुंचे तो उन्हें भगा दिया गया। राजेश ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अवगत कराया कि उनकी पत्नि सरिता अहिरवार और दोनों लड़कों व एक अन्य साथी के द्वारा उनके ऊपर जान लेवा हमला किया गया था। उनके पास रखे पैसे भी छुड़ा लिये थे।

साथ ही हॉस्पिटल में छोड़ दिया था और गाड़ी भी रख ली थी। जब गंभीर अवस्था में शिकायत दर्ज कराने गया तो थाना सिटी में मेरी शिकायत दर्ज नहीं कि गई और उल्टा मुझे ही भगा दिया था। दो तीन बार शिकायत करने गया मगर मेरी



शिकायत दर्ज नहीं कि गई है। मेरी पत्नि के द्वारा तीन चार बार मेरे साथ मारपीट की गई, जिसकी शिकायत करने गया था। मेरी पत्नि मेरे खिलाफ शिकायत दर्ज कराने जाती है तो उसकी शिकायत दर्ज कर लेते हैं मेरी शिकायत दर्ज नहीं हो रही है, वह जान से मारने की धमकी भी देती है। मेरी शिकायत दर्ज की जाए और संबंधित पर कार्रवाई की जाए।

खबर संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थितियों में इंजीनियरिंग के छात्र की मौत

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक इंजीनियरिंग के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्र दोपहर में अपने घर पर सोया था, लेकिन शाम तक वह नहीं उठा। परिजनों ने जब उसे देखा तो हडक़ंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान प्रकाश उइके (28) के रूप में हुई है। वह दोपहर में अपने घर पर सो रहा था। उसके घर में एक किराना दुकान भी है। घटना के समय उसने अपने बड़े भाई को कुछ सामान लेने के लिए बैतूल भेजा था। घर पर उस वक्त प्रकाश और उसके चाचा का लडक़ा ही मौजूद थे। शाम करीब 7 बजे जब उसका बड़ा भाई वापस लौटा, तो चाचा के लडक़े ने प्रकाश को जगाने की कोशिश की, लेकिन उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बाद बड़े भाई राजू को सूचना दी गई। पास जाकर देखने पर पता चला कि प्रकाश की सांसें नहीं चल रही थीं। मृतक के चेहरे से लेकर सीने तक का शरीर काला पड़ा हुआ था। प्रथम दृष्टया सांप के काटने या किसी अन्य अज्ञात कारण से मौत की आशंका जताई जा रही है। प्रकाश उइके इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष का छात्र बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। फिलहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

## महावीर जयंती पर 30 मार्च को रहेगा अवकाश

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जनभावनाओं एवं स्थानीय परिस्थितियों के दृष्टिगत महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 30 मार्च को जिले में सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है। पूर्व में घोषित 31 मार्च के स्थान पर अब 30 मार्च को अवकाश रहेगा। 31 मार्च को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्ववत खुले रहेंगे।

## चिलचिलाती धूप में नामांकन शिक्षक घर-घर दे रहे दस्तक

**बैतूल।** स्कूलों में दर्ज संख्या का अनुपात दिनों दिन कम होते जा रहा है। जिससे निजी स्कूलों के साथ शासकीय स्कूल के शिक्षक भी अपने स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए तेज धूप में भी घर-घर पहुंचकर सरकारी स्कूल में बच्चों का प्रवेश कराने के लिए पालकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रहें हैं। जिससे की सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाया जा सके। ढोंडवाड़ा स्कूल के शिक्षक विगत एक सप्ताह से निरंतर बाबई, सावंगा, सेलगांव, दबेरी एवं ढोड़वाड़ा के ग्रामीणों से लगातार भेंट कर अपने स्कूल में प्रवेश के लिए समझाईश दे रहें हैं। शिक्षक मदनलाल डढोरे, अशोक पवांर, जयदेव डोंगरे व होसीलाल उइके ने कहा कि हम बच्चों और पालकों को शासन की जानकारी देकर प्रवेश के लिए प्रोत्साहित कर रहें हैं। ग्रामीण बद्री प्रसाद पवार ने कहा कि आज कल सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर अच्छा व सस्ता होने से पालको में बच्चों के प्रवेश के विषय में भी रुझान देखने को मिल रहा है। शिक्षक श्री डढोरे ने कहा कि आगामी अप्रैल माह में लगातार ग्रामीणों से चर्चा कर यह अभियान जारी रहेगा। जिससे अधिक से अधिक शाला त्यागी बच्चों को प्रवेश दिला सके।

## शिव शक्ति धाम बावड़ी परिसर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

**बैतूल।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड भीमपुर के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बेला में स्थित शिव शक्ति धाम बावड़ी परिसर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था नव एकलव्य मानव सेवा समिति खुर्दा एवं जनकल्याण संस्था कुंड बकाजन के सहयोग से किया गया। साथ ही मास्टर ऑफ सोशल वर्क एवं बैचलर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान श्रमदान के माध्यम से बावड़ी के चारों ओर साफ-सफाई कर जल स्त्रोत के संरक्षण का संदेश दिया गया।

### जंगलों में आगजनी पर नजर रखने ड्रोन और वॉच टावरों का लिया जा रहा सहारा, ग्रामीणों को कर रहे जागरूक

# वनकर्मियों ने डंडे की जगह हाथों में थामा ड्रोन अब आसमान से करेंगे जंगलों की निगहबानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जंगलों में होने वाले अतिक्रमण, लकड़ी कटाई और आगजनी जैसी घटनाओं पर नजर रखने के लिए वन विभाग अब ड्रोन कैमरों की मदद ले रही है। इस नवाचार को वन विभाग ने अपनी कार्ययोजना में शामिल किया है। विभाग के मुताबिक जिले में उत्तर, दक्षिण और पश्चिम वन मंडल के अंतर्गत लगभग 3663 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में वन फैला है। इतने बड़े क्षेत्र में पारंपरिक तरीकों से निगरानी रखना चुनौतीपूर्ण होता है।

हालांकि इनकी सुरक्षा में उत्तर, दक्षिण और पश्चिम वन मंडल के अधिकारी-कर्मचारी तैनात है। इसके बावजूद गर्मी के समय जंगलों में आगजनी जैसी घटनाएं सामने आती है। यदि समय पर आगजनी की घटनाओं को न रोका जाये तो बड़ी मात्रा में वन संपदा को नुकसान पहुंचता है। कई बार तो महुआ, तेन्दूपत्ता समेत अन्य लघु वनोपज के संग्रहण के दौरान ग्रामीणों की लापरवाही से भी आग लग जाती है। इसके अलावा जंगलों में अवैध लकडिय़ों की कटाई की शिकायतें भी आती है। इन सभी पर विशेष नजर रखने के लिए वन विभाग द्वारा ड्रोन कैमरे की मदद ली जा रही है, ताकि, जंगलों की सुरक्षा मैन्युअल के साथ ड्रोन के माध्यम से की जा सके और त्वतिर कार्रवाही कर वन संपदा को नुकसान होने से रोका जा सके।

### गर्मी में ज्यादा सामने आती है आगजनी की घटनाएं

गर्मी की शुरुआत के साथ जंगल में आग लगने की घटनाएं बढऩे लगती हैं, जिससे हर साल बड़ी मात्रा में वन संपदा को नुकसान होता है। कई बार राह चलते लोग भी बीडी-सिगरेट सहित अन्य जलती हुई चीजे सडक़ किनारे जंगलों में फेंक देते है। जिससे भी जंगलों में आग लगने की घटनाएं होती है। लेकिन अब आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए वन विभाग ने पहली बार ड्रोन से निगरानी शुरू की है। ड्रोन के जरिए 8 से 10 किलोमीटर के दायरे में जंगल पर नजर रखी जा रही है, जिससे घने वन क्षेत्रों में लगने वाली आग का समय रहते पता लगाकर आग को फैलने से रोका जा सके।

### वॉच टावरों से भी रखी जा रही निगरानी

वन विभाग द्वारा आग की घटनाओं पर नजर रखने के लिए वॉच टॉवरों का भी उपयोग किया जा रहा है। पश्चिम वनमंडल क्षेत्र में तीन वॉच टॉवर बनाए गए हैं, जहां से जंगल के बड़े हिस्से पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा सडक़ के किनारे फायर लाइन बनाने के लिए लाइन कटाई और नियंत्रित जलाने का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि आग को फैलने से रोका जा सके। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को भी नुक्कड़ नाटक, जागरूकता अभियान के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही अग्नि सुरक्षा, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण बचाने का संदेश भी दे रहे है।

### फॉरेस्ट फायर पोर्टल पर दर्ज कर रहे नंबर

वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र से लगे गांवों में बैठकों का आयोजन कर ग्रामीणों को आग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जा रहा है। ग्रामीणों को समझाया जा रहा है कि जंगल में आग लगाना, महुआ के पेड़ों के नीचे आग जलाना, खेतों में नरवाई जलाना और वन भूमि पर अतिक्रमण करना दंडनीय अपराध है। आग लगने की स्थिति में तुरंत सूचना देने की जिम्मेदारी भी ग्रामीणों को सौंपी गई है। वन विभाग ने वन क्षेत्रों से जुड़े ग्रामीणों के मोबाइल नंबर फरिस्ट फायर पोर्टल पर दर्ज किए, ताकि आग लगने की स्थिति में संबंधित क्षेत्र के लोगों को तत्काल एसएमएस अलर्ट भेजा जा सके। विभाग का मानना है कि तकनीक और जनसहभागिता के समन्वय से ही जंगलों को आगजनी की घटनाओं से प्रभावी रूप से बचाया जा सकता है।

### डंडे और बंदूक से कर रहे वनकर्मी जंगलों की सुरक्ष

बता दे कि जंगलों की सुरक्षा वनकर्मी डंडे और बंदूक से करते हैं। वन विभाग के पास जंगलों की सुरक्षा के लिए हथियारों और संसाधनों की कमी है। ऐसे में ड्रोन तकनीक जंगलों की सुरक्षा के लिए बेहतर साबित हो सकती है। कई बार जंगलों में गाड़ी और मैन्युअल तरीके से पेट्रोलिंग करते भी है, लेकिन ऐसा देखने को मिलता है कि जंगल के बीच में पेट्रोलिंग करना मुश्किल होता है। घने जंगल या नदी नालों के पार के जंगल में किस तरह की एक्टिविटी हो रही है, इसकी जानकारी नहीं मिल पाती है। ऐसे में ड्रोन के माध्यम से उक्त क्षेत्र की निगरानी की जा सकती है, जिससे वाइल्ड लाइफ के साथ जंगलों की सुरक्षा होगी।

### जनजागरूकता पर भी दिया जा रहा ध्यान

वन विभाग द्वारा तकनीकी के साथ-साथ जनजागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि विभाग द्वारा जंगलों के सटे ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न आयोजन कर ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक और जागरूकता अभियान के माध्यम से वन संरक्षण और आग से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस कार्य में कलाकारों द्वारा गांवों एवं साप्ताहिक बाजारों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को वन अग्नि सुरक्षा, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया जा रहा है। ग्रामीण भी इस कार्यक्रम को गंभीरता से देखा और समझा। इसके अलावा वन समितियों के सदस्यों को भी सक्रिय किया गया है, जो लगातार जंगल क्षेत्रों में नजर बनाए हुए हैं।

### काम किया जा रहा है

जंगलों में आगजनी की रोकथाम के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ विभाग लगातार नजर रखे है। ड्रोन के माध्यम से भी जंगल में निगरानी रखी जा रही है। वॉच टॉवर लगाए गए हैं। लाइनिंग और कटाई का काम भी किया जा रहा है।

**लक्ष्मीकांत वासनिक**, डीएफओ, पश्चिम वनमंडल बैतूल

## प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र किए वितरित



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में बैतूल में भूकम्प पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व में सोनाघाटी होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित 05 दिवसीय भूकम्प आपदा जोखिम प्रबंधन प्रशिक्षण का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 25 मार्च से 29 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के प्राचार्य, स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग के चिकित्सक, नगर पालिका एवं पंचायत सचिव, पुलिस विभाग तथा सिविल डिफेन्स के वालेंटियरों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य भूकंप जैसी आपदा से पूर्व तैयारी एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की क्षमता का विकास करना था। इस प्रशिक्षण के अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में भूकंप से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं प्रबंधन की तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के भूपेन्द्र सिंह एवं जिला चिकित्सालय के हरी वाघमारे द्वारा बर्न जलने की स्थिति से बचाव एवं उपचार की जानकारी दी गई। जिला सेनानी इन्दल उपनारे एवं प्लाटून कमाण्डर सुनीता पन्द्रे ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनके योगदान की सराहना की गई। इस दौरान प्लाटून कमाण्डर सुनीता पन्द्रे, एएसआई वीरनसिंह कुशराम, हवलदार अनुदेशक बलीराम सरयाम, हवलदार स्टोरमैन आदि रहे मौजूद।

### जिले में एल्डरमैन हुए नियुक्त

## बैतूल में रश्मि, सावन्या सहित छह को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने बैतूल जिले की बैतूल, आमला, मुलताई और सारनी नगरपालिका में एल्डरमैन नियुक्त किए हैं। यह आदेश विभाग द्वारा जारी किया गया है। नगर पालिका परिषद बैतूल में 6 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। इनमें रश्मि साहू, मनप्रीतसिंह (मिन्ना) अहलूवालिया, सावन्या शेषकर, नीतेश वर्मा, राजू सोनकपुरिया और कैलाश यादव शामिल हैं। इसी तरह, नगर पालिका परिषद आमला में गोविंद बघेल, सपना सोनी, बसंत ओडुकले, गोपाल खतारे, सुरेखा मराठे और आरती पाटिल को एल्डरमैन बनाया गया है। नगर पालिका परिषद मुलताई के लिए सुनीता नागले, बीना पंजाबी, श्यामू धोमने, प्रीतम सिसोदिया, राजू चौबे और नीलेश चांवरिया के नाम सूची में हैं। वहीं, नगर पालिका परिषद सारनी में रमेश किशन पंवार, विनय मदने, सरोज विश्वकर्मा, सुनीता यादव, रमेश हारोडे और संजीत कुमार चौधरी को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। राज्य शासन द्वारा ये नियुक्तियां मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत की गई हैं। ये नियुक्तियां आगामी आदेश तक प्रभावी रहेंगी। नगरीय प्रशासन विभाग ने प्रदेशभर की कुल 46 नगरपालिकाओं में एल्डरमैन नियुक्त किए हैं।

## मानस पाठ के साथ संपन्न हुआ नव पारायण, भंडारे में जुटे हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



63 वर्षों से चली आ रही बजरंग मंदिर की नव पारायण परंपरा इस वर्ष भी भव्यता और आस्था के साथ संपन्न हुई। 9 दिनों तक रामचरितमानस की चौपाइयों से गूंजता रहा मंदिर परिसर दशमी तिथि को अभिषेक पूजन, हवन और विशाल भंडारे के साथ अपने चरम पर पहुंचा, जहां नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शनिवार को नव पारायण के समापन अवसर पर विधिवत अभिषेक पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। हवन के पश्चात आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद परंपरा अनुसार सर्वप्रथम कन्या भोज प्रारंभ कर भंडारे का शुभारंभ किया गया।

भंडारा दोपहर से शुरू होकर देर शाम तक लगातार चलता रहा। नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए समिति द्वारा मंदिर परिसर के पास विशाल टेंट लगाकर बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे आयोजन सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने अपनी क्षमता के अनुसार अन्न, सामग्री और आर्थिक सहयोग देकर इस आयोजन को सफल बनाया। भोजन परोसने का कार्य भी नगर के वरिष्ठ नागरिकों और स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से किया, जो इस परंपरा की आत्मा को दर्शाता है। नवरात्रि के पहले दिन से शुरू हुआ नव पारायण पाठ प्रतिदिन श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। रामचरितमानस का संपूर्ण पाठ 9 दिनों में पूर्ण किया गया, जिसमें हर वर्ग के लोगों की भागीदारी देखने को मिली।

### डॉक्टर्स ने 7 दिन में निकाले लार्वा

## दिव्यांग बच्ची की नाक के अंदर पनप रहे थे कीड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल में 14 साल की दिव्यांग बच्ची की नाक में लार्वा (कीड़े) पनपने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। डॉक्टरों के अनुसार, अगर इलाज में और देरी होती, तो संक्रमण दिमाग तक पहुँचकर जानलेवा साबित हो सकता था। फिलहाल बच्ची खतरे से बाहर है। बच्ची पिछले एक महीने से सर्दी-खांसी और बुखार से परेशान थी। धीरे-धीरे नाक से तेज बदबू आने लगी। वह लगातार सुस्त रहने लगी थी। निजी अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टरों ने नाक के अंदर जीवित लार्वा देखा। इसके बाद बच्ची को तुरंत जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. ऋषि माहोरे ने एंडोस्कोपिक तकनीक से इलाज किया। उन्होंने बताया कि 5 से 7 दिन तक लगातार प्रक्रिया चली। हर दिन नाक से 5 से 10 लार्वा निकाले गए। नाक के अंदर पहले से काफी नुकसान हो चुका था। डॉक्टर के अनुसार, संक्रमण तेजी से फैल रहा था, लेकिन समय रहते इसे नियंत्रित किया गया। परिजनों ने बताया कि शुरुआत में बच्ची की बीमारी सामान्य सर्दी-खांसी लग रही थी। धीरे-धीरे नाक से तेज बदबू आने लगी। बच्ची बोल नहीं पा रही थी, इसलिए दर्द व्यक्त नहीं कर सकी। हालत बिगडऩे पर परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां असली कारण का पता चला। डॉक्टर ऋषि माहोर ने बताया कि पूरा इलाज एंडोस्कोपिक तकनीक से किया गया, जिसमें बिना बड़ा चीरा लगाए नाक के अंदर से सर्जरी होती है। उन्होंने चेतावनी दी कि नाक से बदबू, खून, मवाद या कोई असामान्य लक्षण महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर प्याऊ की स्थापना

**बैतूल।** जिले के विकासखंड घोड़ाडोंगरी अंतर्गत ग्राम कान्हावाड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 जल शक्ति से नव भक्ति के प्रथम चरण के अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ की स्थापना की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं ग्राम वासियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कान्हावाड़ी, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं, परामर्शदाता, ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद सहित जनजाति शिक्षा से जुड़ी कार्यकर्ता बहनों एवं ग्राम वासियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। जल चौपाल आयोजित कर सभी वक्ताओं ने जल संरक्षण एवं जल सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल समाज के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा अधिक से अधिक जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।



## परस्पर समन्वय से जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाएं रखें: कलेक्टर

### त्योहारों को लेकर पुलिस और राजस्व की समन्यव बैठक



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिए कि राजस्व और पुलिस विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखें। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। यह निर्देश कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित पुलिस एवं राजस्व विभाग की समन्वय बैठक में जिले के सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार एवं थाना प्रभारियों को दिए। उन्होंने सडक़ सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटनाओं के मामलों में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा घायलों को व्यवस्थित उपचार मिले। ह्यराहवीरह्व और पीएम राहत योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने राजस्व से संबंधित विवादित प्रकरणों के गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश भी दिए। साथ ही नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने राजस्व और पुलिस को नगरपालिका से सतत समन्वय बनाए रखने, दमकल एवं एम्बुलेंस सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित रखने तथा आवश्यक अनुमतियां निर्धारित प्रारूप में जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बताया कि जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की पर्याप्त और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सभी ईंधनों के दाम, आवक एवं उपयोग पर नियंत्रण बनाए रखा जाए, ताकि आपूर्ति प्रभावित न हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने कहा कि पुलिस एवं राजस्व के बीच बेहतर समन्वय से कानून व्यवस्था अच्छी बनी रहे। जनहित एवं कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में सतर्क और सजग रहें तथा स्थानीय मुद्दों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जाएं। उन्होंने नरवाई आगजनी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने, नगरपालिका के साथ समन्वय रखते हुए आग पर शीघ्र नियंत्रण पाने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### भजन मंडलियों ने नशा मुक्ति और बाल विवाह पर भी दिया संदेश

## रामसत्ता में भक्ति की गूंज, बालिका मंडल की प्रस्तुति ने जीता जन-जन का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



मां विजासन माई मेले के अंतर्गत विशाल रामसत्ता में भक्ति और सामाजिक जागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह 8 बजे से शुरू हुआ यह आयोजन देर रात तक जारी रहा, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने एक जगह बैठकर घंटों तक भजन-कीर्तन का आनंद लिया। रामसत्ता में आमंत्रित भजन मंडलियों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंच पर एक के बाद एक मंडलियों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से नवज्योति भजन मंडल धपाड़ा, बाल गोपाल बालिका भजन मंडल श्रीढाना चूरना, शिव ज्योति सरगम भजन मंडल तिलाडिया, आदर्श सरस्वती भजन मंडल डोडावानी, श्रद्धा भजन मंडल भोपाल, तारा भजन मंडल भिरियाड़ोल, विनीत भजन मंडल माखन नगर बाबई, सिद्धि विनायक भजन मंडल नीमिया, बाल गोपाल भजन मंडल भोपाल, तारा भजन मंडल कोठा एवं महावीर भजन मंडल सर्रालांजी ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। इन सभी के बीच श्रीढाना चूरना की बाल गोपाल बालिका भजन मंडल विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पूरी तरह बालिकाओं द्वारा संचालित इस मंडल की प्रस्तुति इतनी सजीव, भावपूर्ण और सुसंगठित रही कि दर्शक देर तक तालियों से उनका उत्साहवर्धन करते रहे। उनकी आवाज़ में भक्ति की मिठास और प्रस्तुति में आत्मविश्वास ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण अंचल की बेटियां भी मंच पर अपनी प्रतिभा से अलग पहचान बना रही हैं। उपस्थित जनसमूह ने इस मंडल की जमकर सराहना की। भजन मंडलियों ने केवल धार्मिक भजनों तक ही अपने आप को सीमित नहीं रखा, बल्कि नशा मुक्ति, बाल विवाह उन्मूलन और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी संदेशात्मक भजन प्रस्तुत किए, जिससे आयोजन को एक सामाजिक सरोकार से भी जोड़ दिया गया। इन प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को न केवल आध्यात्मिक आनंद दिया, बल्कि समाज के प्रति जागरूक होने का संदेश भी दिया। पूरे दिन चले इस आयोजन में श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। मां विजासन माई मेले के इस भव्य रामसत्ता ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि यह आयोजन केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कृति, संस्कार और सामाजिक जागरूकता का भी सशक्त मंच है, जो हर वर्ष हजारों लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहा है।

### परिषद की बैठक प्रभावी होने का अनुमान

# नपा में 6 एल्डरमैन की नियुक्ति, नगर विकास की रफ्तार में लगेंगे पंख

इटारसी नगर पालिका परिषद में छह एल्डरमैन की नियुक्ति से शहर के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। अनुभवी और रणनीतिक चेहरों के शामिल होने से परिषद की कार्यप्रणाली और निर्णय प्रक्रिया अधिक प्रभावी होने की संभावना है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राज्य शासन ने नगर पालिका परिषद इटारसी में छह एल्डरमैन की नियुक्ति की है। यह न केवल प्रशासनिक गलियारों में, बल्कि शहर की सियासी बिसात पर भी एक बड़ा दांव मानी जा रही है। इटारसी के विकास के पहिए को और गति देने के लिए राज्य सरकार ने अपने विशेषज्ञों की टीम मैदान में उतार दी है। नगर पालिका परिषद के लिए छह एल्डरमैन की नियुक्तियां कर दी गई हैं, जिससे परिषद की बैठकों का स्वरूप अब और भी प्रभावी होने वाला है।

#### कौन संभालेंगे नई जिम्मेदारी?

विकास की मुख्यधारा में सुझाव देने के लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से अनुभवी चेहरों को चुना गया है। नरेश मेधानी सिंधी कॉलोनी, वार्ड 30, आशीष मालवीय मालवीयगंज, वार्ड 20, संजीव हूरा पंजाबी मोहल्ला, वार्ड 22, रेखा मालवीय महिला प्रतिनिधित्व के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका, मयंक मेहतो पुरानी इटारसी, वार्ड 04, अतुल शुक्ला वार्ड 3 से नगर पालिका परिषद में मनोनीत पार्षद होंगे।

#### क्या होगी इनकी भूमिका?

अक्सर लोग इसे सिर्फ एक पद के रूप में देखते हैं, लेकिन वास्तविकता में एल्डरमैन नगर के अनुभवी सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं।

**परामर्श और मार्गदर्शन :** ये पार्षद परिषद की बैठकों में हिस्सा लेंगे और शहर की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए अपने विजन को साझा करेंगे।

**प्रशासनिक सेतु :** सरकार और परिषद के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करते हुए, ये मनोनीत सदस्य विकास कार्यों की रूपरेखा को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

**वार्ड स्तर का संतुलन :** अलग-अलग वार्डों से होने के कारण, ये अपने क्षेत्रों की विशिष्ट समस्याओं को सीधे सदन के पटल पर रख सकेंगे।

#### नया सियासी समीकरण

इटारसी नगर पालिका परिषद में छह एल्डरमैनों की नियुक्ति ने शहर के सियासी समीकरणों को एक नया और दिलचस्प मोड़ दे दिया है। राज्य सरकार द्वारा जारी की गई इस सूची में अनुभव, संगठन की मजबूती और व्यक्तिगत तालमेल का एक अनूठा मिश्रण देखने को मिल रहा है।

#### बदलेगा राजनीति का मिजाज

इन नियुक्तियों के साथ ही इटारसी की स्थानीय राजनीति में नई हलचल शुरू हो गई है। इसे आगामी योजनाओं और रणनीतियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सत्ता के गलियारों में चर्चा है कि इन सदस्यों की सक्रियता से परिषद के भीतर शक्ति संतुलन और निर्णय लेने की प्रक्रिया में नया उत्साह देखने को मिलेगा। एल्डरमैन के पास मतदान का अधिकार भले ही न हो, लेकिन उनके सुझाव और अनुभव शहर के भविष्य की दिशा तय करने में निर्णायक साबित होते हैं।

#### इटारसी की नई षष्ठ-शक्ति

नगर पालिका की कार्यप्रणाली को धार देने के लिए सरकार ने जिन चेहरों पर दांव लगाया है, वे शहर की राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी हैं।

**रेखा मालवीय : अनुभव की पाठशाला**

एल्डरमैन की इस टीम में श्रीमती रेखा मालवीय सबसे अनुभवी चेहरा हैं। वे एक से अधिक बार पार्षद रह चुकी हैं, जिसका सीधा लाभ परिषद को मिलेगा। नगर पालिका के नियमों और बारीकियों की उनकी समझ बैठकों में चर्चा के स्तर को ऊंचा उठाएगी।

**मयंक महतो : संगठन के मजबूत स्तंभ**

पुरानी इटारसी से आने वाले मयंक महतो वर्तमान में भाजपा मंडल अध्यक्ष के रूप में अपनी दूसरी पारी संभाल रहे हैं। संगठन पर उनकी पकड़ और कार्यकर्ताओं के बीच उनकी लोकप्रियता विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में सेतु का काम करेगी।

**आशीष मालवीय : कानूनी समझ और तालमेल**

पेशा से अधिवक्ता आशीष मालवीय की नियुक्ति को रणनीतिक माना जा रहा है। वे नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के बचपन के मित्र हैं। अध्यक्ष के साथ उनके बेहतर तालमेल और कानूनी समझ से परिषद के प्रशासनिक निर्णयों में स्पष्टता और मजबूती आएगी।

**संजीव हुरा और नरेश मेधानी : नई ऊर्जा, पुराना तजुर्बा**

यद्यपि संजीव हूरा और नरेश मेधानी परिषद के लिए नए चेहरे हो सकते हैं, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इनका अनुभव कम नहीं है। वार्ड 22 पंजाबी मोहल्ला और वार्ड 30 सिंधी कॉलोनी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले ये नेता शहर की राजनीति की नब्ज पहचानते हैं।

**ईमानदारी का 'ईनाम' (अतुल शुक्ला):**

वार्ड 3 से आने वाले अतुल शुक्ला का मनोनयन इस सूची का महत्वपूर्ण हिस्सा है। चुनावी समय में पार्षद पद की टिकट न मिलने के बावजूद पार्टी के प्रति उनकी अडिग निष्ठा को देखते हुए शासन ने उन्हें एल्डरमैन बनाकर 'रिटर्न गिफ्ट' दिया है।

#### कैसा होगा परिषद पर असर?

निर्णय प्रक्रिया में तेजी : अध्यक्ष के भरोसेमंद साथियों और अनुभवी पूर्व पार्षदों के आने से विकास योजनाओं को पारित कराने में आसानी होगी।

क्षेत्रीय संतुलन : पुरानी इटारसी से लेकर सिंधी कॉलोनी तक, शहर के हर कोने को प्रतिनिधित्व मिलने से विकास कार्यों का वितरण समान होने की उम्मीद है।

## पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित नहीं किया तरौनकला पंचायत में एससी वर्ग का शोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की तरौनकला पंचायत में आज भी वर्ष 2011 की सर्वे सूची के आधार पर ब्रजेश पिता हरिपाल वंशकार को आज वर्ष 2026 में भी आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया है। आज उसके माता-पिता को लेकर अपने परिवार के साथ एक ही कच्चे मकान में रहते हैं। जिसके ऊपर सिर्फ पन्नी डली है। जबकि शासन द्वारा 900 वर्ग फिट का पट्टा भी दिया गया है। लेकिन अभी तक आवास योजना की पहली सूची समाप्त होने पर भी आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया है।इस तरह से यहां पर अनेक लोग सरकारी योजनाओं से वंचित रह गए हैं। अभी वर्तमान में सामान्य वर्ग के सरपंच होने के कारण भी शासन की 106योजना में से 6 योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। कचरें के ढेर लगे हैं। सफाई व्यवस्था के नाम पर लाखों रुपए के बिल लगाए गए हैं। राशि का आहरण कर लिया गया है।एक ही सी रोड में भी गोलमाल किया गया है। कागज़ पर ही रोड बनाईं गई है।इस तरह से अनेकानेक अनमितताए प्रतीत होती है। इस विषय में सचिव प्रेमनारायण सराठे ने बताया कि नवीन आवासीय सूची में नाम शामिल किया गया है। रोजगार सहायक सुनील रघुवंशी ने बताया कि सुंदर पिता हरिपाल वंशकार को दिया गया है। ब्रजेश का नाम नवीन सूची में शामिल किया गया है। रूक्मणी पुरविया सरपंच का कहना है। सचिव रोजगार सहायक दोनों ही नहीं है। प्रभारी से काम किया जा रहा है।

### इटारसी के कई क्षेत्रों में एक घंटे बंद रहेगी सप्लाई

**इटारसी।** शहर के विभिन्न उपकेंद्रों पर लोड शिफ्टिंग कार्य के चलते सोमवार, 30 मार्च को सुबह 10 से 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, पीपल मोहल्ला उपकेंद्र से जुड़े 11 केवी आवाम नगर फीडर की सप्लाई एक घंटे के लिए बंद रखी जाएगी। वहीं, ट्रैक्टर स्कीम उपकेंद्र के अंतर्गत 11 केवी पुरानी इटारसी फीडर पर भी इसी समय काम किया जाएगा। इससे सनखेड़ा नाका, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पिंक सिटी, प्रधान मोहल्ला, पटेल मोहल्ला, पुरानी इटारसी, कावड़ मोहल्ला आदि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। विभाग ने बताया कि कार्य की आवश्यकतानुसार समय में बदलाव संभव है। किसी भी शिकायत के लिए उपभोक्ता टोल-फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।

## जन शिक्षा केंद्र जमानी में 'एक दान-अपनों के नाम' पहल

### सभी 35 शालाओं को मिले वॉटर कैंपर



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला परियोजना समन्वयक डॉ. राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में विकासखंड केसला के जन शिक्षा केंद्र जमानी में एक अनूठी पहल 'एक दान-अपनों के नाम' की भव्य शुरुआत हुई है। जनशिक्षक राजकुमार बघेल के शुरू किए नवाचार का उद्देश्य समुदाय के सहयोग से स्कूलों की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करना है।

#### भीषण गर्मी में बच्चों को मिलेगा शीतल जल

1 अप्रैल से शुरू हो रहे प्रवेश उत्सव को देखते हुए बच्चों के लिए शीतल जल उपलब्ध कराना प्राथमिकता रखी गई। इस मुहिम से प्रेरित होकर जनशिक्षक राजकुमार बघेल ने स्वयं 04 वॉटर कैंपर दान किए। उनके साथ ही संकुल के विभिन्न प्रधान पाठकों और शिक्षकों सुजाता पाहुरकर, सुनील पाराशर, विनोद चौरे, वंदना साहू, रंजना दुबे सहित अन्य ने व्यक्तिगत रूप से एक-एक वॉटर कैंपर दान किया।

#### जनसहयोग से लक्ष्य पूरा

शिक्षकों और दानदाताओं के इस पुनीत कार्य की बदौलत जन शिक्षा केंद्र की सभी 35 शालाओं को वॉटर कैंपर उपलब्ध करा दिए गए हैं। संकुल प्राचार्य जायस सोलोमोन और जनशिक्षक रंजना ब्राह्मणे ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

#### अधिकारियों ने दी बधाई

विकासखंड शिक्षा अधिकारी आशा मौर्य और प्रभारी बीआरसीसी रत्ना सोनिया ने इस नवाचार की प्रशंसा करते हुए इसे अन्य केंद्रों के लिए भी प्रेरणादायक बताया।

## अग्रवाल के हाथ में फिर 'द ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के प्रतिष्ठित व्यापारिक संगठन द ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन में एक बार फिर भरोसे और एकजुटता की जीत हुई है। राजेंद्र अग्रवाल राजू कक्का को सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया है। व्यापारियों के बीच अपनी सहज कार्यशैली, मिलनसार व्यवहार और मृदुभाषी व्यक्तित्व के लिए पहचाने जाने वाले राजू कक्का के नाम पर सभी सदस्यों ने एकमत होकर मुहर लगाई। उनके पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों और व्यापारियों के हितों के प्रति समर्पण को देखते हुए यह निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ।



#### जल्द होगा नई कार्यकारिणी का गठन

अध्यक्ष चुने जाने के बाद राजेंद्र अग्रवाल ने सभी व्यापारी बंधुओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने संकेत दिए हैं कि जल्द ही संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। इस घोषणा के बाद पूरे बाजार और व्यापारी वर्ग में हर्ष की लहर है।

### मालवीय ब्राह्मण महिला संगठन ने बस स्टैंड पर मटका प्याऊ लगाई

**इटारसी।** श्री गौंड मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल संगठन द्वारा रविवार को बस स्टैंड के पास खेड़ापति माता मंदिर में रहगीगिरो के लिए शीतल जल के मटके रखवाएं। महिला मंडल ने बताया कि स्वास्थ्य के लिए मटके का ठंडा पानी अमृत के समान माना जाता है, जो प्राकृतिक रूप से सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी है। जिसमें महिला मंडल की संरक्षक भारती मालवीय, ममता मालवीय, अध्यक्ष अर्चना राजेश मालवीय, उपाध्यक्ष रश्मि मालवीय, सीमा विश्वकर्मा, सचिव किरण मालवीय, कोषाध्यक्ष संगीता मालवीय, बरिष्ठ सलाहकर अर्चना मालवीय, निर्मला मालवीय, त्रिवेणी मालवीय, राजाबाई मालवीया आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर में गत दिवस वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस दौरान विद्यालय संचालन समिति संरक्षक कन्नूलाल अग्रवाल, अध्यक्ष कृष्ण कुमार पालीवाल, व्यवस्थापक संजीव दुबे, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, सचिव देवराज पटेल, समिति सदस्य सौरभ सोनी, अभिषेक चौहान आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत समिति पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती, ओम व भारत माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई। वार्षिक परीक्षा में कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा मंच से अंक सूची एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से अश्विना नायक, कक्षा एलकेजी से ऋषिका ठाकुर, समिष्टा विश्वास, कक्षा यूकेजी से पृथ्वीराज सिंह गोलानी व यश जमीदार, कक्षा एक से सिद्धांत पठारिया व राज कुशवाहा, कक्षा दो से आराध्य पटेल व हर्षित धानक, कक्षा तीन से कार्तिक ठाकुर, कक्षा चार से शाम्भवी चौहान, कक्षा पांच भारती प्रजापति, कक्षा छह सूर्यांश पटेल, कक्षा सात से अंश पुर्विया प्रथम, कक्षा आठ से डॉली पठारिया, कक्षा नौ कमलेश कुशवाहा, कक्षा 11 साइंस से वैशाली पटेल, कक्षा 11 कॉमर्स से नरेंद्र पटेल ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य अशोक कुमार दुबे ने परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर छात्र छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कक्षा पांचवी एवं आठवीं का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा।

विद्यालय समिति संरक्षक समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल ने परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर भैया बहनों को बधाई दी। साथ ही आने वाले वर्ष में और अच्छी पढ़ाई कर इस वर्ष से भी अधिक अंक लाने के लिए शुभकामनाएं दी। अंत में शाला समिति व्यवस्थापक संजीव दुबे ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय समिति पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## पं. माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर 4 अप्रैल को होगा विराट कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जन्म जयंती 4 अप्रैल को प्रतिवर्ष गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 4 अप्रैल को विराट भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश के प्रसिद्ध कवि हास्य सम्राट पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा वीर रस के कवि शशिकांत यादव गीतकार नीलोत्पल मृणाल श्रृंगार रस की कवियत्री अंकिता सिंह गीतकार रमेश विश्व हार हास्य कवि दिनेश देसी अपना काव्य पाठ करेंगे। गौरव दिवस एवं नगर परिषद द्वारा इस आयोजन के लिए रविवार को नगर परिषद् सभा कक्ष में नगर के व्यापारी सामाजिक संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया गौरव दिवस समिति का गठन किया जाए जो नगर में वर्ष भर होने वाले धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन सभी के सहयोग से करें बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि आकाश तिवारीनिखिलेश चतुर्वेदी वेयरहाउस संगठन के अध्यक्ष आशीष बंटी साहू नायब तहसीलदार अंकित मौर्य टी आई अनूप उइके मुख्य नगर पालिका अधिकारी जी एस राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष विपिन यादव मनीष चतुर्वेदी सेनानी परिवार के दीपक वर्मा मुकेश मलवीय नगर के व्यापारी सामाजिक संस्थाओं के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर अपने-अपने सुझाव दिए हनुमान जयंती एवं गौरव दिवस पर नगर के सभी प्रतिष्ठानों एवं घर पर साज सज्जा लाइटिंग की जाए रंगोली बनाएं सुबह बालाजी मंदिर से माखन दादा की प्रतिमा तक प्रभात फेरी निकाली जाए। शान द्वारा में नगर परिषद में चार नव नियुक्त एल्डरमेंन अरविंद हरने राजेश टावरी सत्यनारायण पुरोहित हरि वर्मा के मनोनीत होने पर विधायक ने फूल माला से स्वागत किया।

### सनखेड़ा में मोटर साइकिल ने मारी महिला को टक्कर

**इटारसी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सनखेड़ा में कचरा घर के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने पैदल जा रही महिला को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी मालती बाई 50 वर्ष, पति रामस्वरूप अहिरवार, निवासी ग्राम सनखेड़ा, मुख्य मार्ग से गुजर रही थीं। इसी दौरान एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें पीछे से टक्कर मार दी, जिससे महिला को चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में बाइक चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

## महावीर जयंती पर जैन समाज का चल समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज द्वारा आज महावीर जयंती पर विविध आयोजन किये जाएंगे। सोहागपुर जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि श्री तारण तरण जैन समाज सोहागपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 30 मार्च 2026 सोमवार को तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी का जन्म कल्याणक मनाया जा रहा है। इस निमित्त सोमवार को प्रातः नौ बजे से भगवान महावीर स्वामी जी की दिव्यवाणी तथा शोभायात्रा का आयोजन सुनिश्चित है। उन्होंने बताया की शोभायात्रा अर्थात चल समारोह जैन चैत्यालय बिहारी चौक से प्रारंभ होकर शासकीय कन्या शाला मार्ग, एसडीओपी कार्यालय के सामने से होकर स्टेट हाईवे, श्रीराम चौक व मुख्य मार्ग होते हुए कमानिया गेट मार्ग की ओर रवाना होगा। यहां से चल समारोह पुनः प्रारंभ स्थल अर्थात जैन समाज के चैत्यालय पहुंचेगा। चल समारोह के पूर्व अन्य धार्मिक आयोजन चेत्यालय में होंगे। वहीं आयोजन का समापन प्रसाद वितरण के साथ होगा।

### नप में चार एल्डरमैन नियुक्त

**सोहागपुर।** मप्र शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा मप्र के नगर निखायों में एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है। इस क्रम में सोहागपुर नगर परिषद में चार एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि संजय मालवीय रघुवंशीपुरा वार्ड, नितिन कहार मातापुरा वार्ड, राकेश मंडल अंबेडकर वार्ड एवं सुधा श्रीवास तिलक वार्ड को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सभी चयनित एल्डरमैन को बधाई दी है।

### सकल जैन समाज मनाएगा महावीर जयंती महोत्सव

**माखननगर।** 30 मार्च सोमवार को 1008 श्री महावीर स्वामी जन्म कल्याणक सत्य एवं अहिंसा के प्रतीक, भगवान महावीर स्वामी के पावन जन्म कल्याणक महोत्सव नगर में मनाया जाएगा। प्रातः 7:30 बजे श्रीजी विमान शोभा यात्रा 9 बजे कलशाभिषेक शांति धारा एवं महावीर पूज संध्या के समय 8 बजे से आरती एवं भजन होंगे। सकल जैन समाज माखन नगर ने श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर मंगलवारा बाजार में होने वाले में सभी कार्यक्रमों में सभी को आमंत्रित करअधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

### बोर्ड में नप ने किया उल्लेख- 'रेड जोन क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियों पर होगी रोक'

# कोर्ट चौराहे पर व्यापारियों की मांग पर नप ने लगाए संकेतक बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद द्वारा गत दिवस सिविल कोर्ट चौराहे पर स्थल संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि व्यापारियों ने उक्त बोर्ड लगाने की मांग नप से की थी। सिविल कोर्ट चौराहा क्षेत्र के व्यापारियों ने बताया कि स्टेट हाईवे चौराहे पर बस स्टॉपेज भी है। बसों से उतरने वाले नागरिक कई बार कोर्ट, नप तथा जपं के कार्यालयों, अस्पताल, रेलवे स्टेशन व अन्य क्षेत्रों का पता पूछते हैं। अतः व्यापारियों ने लिखित पत्र सौंपकर सोहागपुर नप सीएमओ से मांग की थी कि चौराहे पर स्थल संकेतक बोर्ड लगाएं। जिसमें कोर्ट चौराहे से प्रमुख स्थानों की दिशा एवं दूरी का उल्लेख हो। नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल तथा सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने व्यापारियों की मांग को गंभीरता से लिया तथा बोर्ड लगाने के निर्देश कर्मचारियों को दिए थे। क्षेत्रीय व्यापारी प्रदीप जगदीश भावसार ने बताया कि नर्मदा परिक्रमावासी चौराहे आकर आगे स्थित किसी विश्राम स्थल बावत पूछते हैं। जिसके लिए नप से अपेक्षा की गई थी कि नर्मदापुरम की ओर चौराहे से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर भीलट बाबा स्थल का उल्लेख अवश्य कर दें। क्योंकि वहां पर परिक्रमावासियों के विश्राम के लिए स्थल निर्धारित है, ताकि नर्मदा परिक्रमावासी आराम कर सकें। इस बावत भी बोर्ड में उल्लेखनीय किया गया है।



#### रेडजोन में ना हो ये गतिविधियां

सिविल कोर्ट चौराहे पर नप ने दो संकेतक बोर्ड लगाए हैं। जिनमें से एक बोर्ड में अस्पताल, जनपद पंचायत कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय व रेलवे स्टेशन की दूरी का उल्लेख है। दूसरे बोर्ड में नर्मदा परिक्रमा वासियों के विश्राम स्थल का उल्लेख है। साथ ही बोर्ड में उल्लेख है कि संबंधित क्षेत्र नगर परिषद का रेड जोन क्षेत्र है। अतः वहां किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि का संचालन किया जाना प्रतिबंधित होगा। उल्लेखनीय है की उक्त स्थल पर अस्थाई दुकान लगाने सहित ऑटो तथा अन्य वाहनों की पार्किंग की जाती है। जिससे यातायात अवरुद्ध होता है। देखना होगा कि नगर परिषद इस पर रोक के लिए अतिरिक्त प्रयास कर पाती है अथवा नहीं।

## बागरातवा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के पेयजल प्याऊ व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना बागरातवा रेलवे स्टेशन पर की गई। नवांकुर संस्था संचालक नीतिराज सिंह यादव ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों यात्रियों का आना जाना रहता है वे ठंडे पानी के लिए परेशान रहते हैं इसलिए समिति ने यहां प्याऊ की स्थापना की। रेलवे स्टेशन प्रबंधक बागरा नीलेश राय ने समिति के कार्य की प्रशंसा की एवं सभी को आभार व्यक्त किया। जिसमें स्टेशन प्रबंधक नीलेश राय, नवांकुर संस्था अध्यक्ष नीतिराजसिंह यादव सचिव मनोज परसाई,रेलवे स्टाप से ओम तिकड़ी एवं भरत कुमार बागरातवा समाजसेवी मुकेश वर्मा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानागांव अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, सचिव हरिनारायण यादव आदि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### चना व मसूर का उपार्जन 28 मई तक

**हरदा।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर फसल का उपार्जन 30 मार्च से 28 मई 2026 तक किये जाना है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि निर्देशों के परिपालन में जिले में 7 चना उपार्जन केंद्र शासकीय वेयरहाउस में स्थापित किये गये है। इनमें शासकीय वेयर हाउस खेडा - सेवा सहकारी समिति खेडा एवं सोनतालाई, शासकीय वेयरहाउस सुल्तानपुर - सेवा सहकारी समिति गहाल, मसनगाँव, रहटाकलां, शासकीय वेयर हाउस सक्तापुर - सेवा सहकारी समिति बेड़ियाकलां तथा शासकीय वेयरहाउस खिरकिया (कृषि उपज मंडी) - सेवा सहकारी समिति मोरगडी शामिल है।

### आज छुट्टी, कल खुलेंगे कार्यालय, बैंक बंद रहेंगे

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने जनभावनाओं व स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए महावीर जयंती के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया है। जारी आदेश अनुसार महावीर जयंती के अवसर पर अब 30 मार्च सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही 31 मार्च को मंगलवार को जिले के सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं खुले रहेंगे। हालांकि लीड बैंक मेनेजर मनोज पवार का कहना है कि 31 मार्च के अवकाश की जानकारी है, आज सोमवार को बैंक के अवकाश के संबंध में कोई निर्देश नहीं मिले।

### राहगीरों के लिए स्थापित की शीतल जल प्याऊ


**सीहोर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम बिलकिसगंज, बमुलिया, दोराहा, बिजलोन, बड़नगर, भंडेली एवं चरनाल में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वृक्ष एवं जल स्त्रोतों का पूजन कर जल एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया और ग्रामवासियों को जल और प्रकृति के संरक्षण के प्रेरित किया गया। ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने बताया कि इस अवसर पर ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए राहगीरों के ग्राम भंडेली और बमुलिया में चार स्थानों पर जल मंदिर भी स्थापित की गई।

### आग से चार एकड़ गेहूं की फसल हुई राख

**सीहोर।** शहर के शीतल विहार कालोनी के पीछे खेतों की ऊपर से निकली बिजली के तार में अचानक हुए शॉर्ट-सर्किट और निकली चिंगारी से चार एकड़ गेहूं की फसल जलकर बर्बाद हो गई। आग की लपटें देख आस-पास के किसानों ने आग को बुझाना शुरू किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक किसान आग बुझाते, तब तक खेत से काटकर खलियान में रखा जलकर राख हो गया, फायर ब्रिगेड पहुंची और आग बुझाने में मदद की। घटना में किसान को हजारों का नुकसान हुआ है। किसान ताराचंद्र यादव ने बताया कि शहर के शीतल विहार कालोनी के पीछे हमारे साथी किसान संतोष यादव की हजारों रुपए की गेंहू की फसल शॉर्ट-सर्किट से जलकर खाक हो गई है।

### कई कार्यकर्ता इन विषयों के जानकार हैं, जिन्हें नपा और नप में नियुक्त किया

# निगम मंडल में नियुक्ति पर बोले खंडेलवाल सही समय पर भाजपा में नियुक्ति होती





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शहर के बायपास रोड स्थित रेवा गार्डन में रविवार को भाजपा नगर मंडल का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग हुआ। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निगम-मंडल में अध्यक्षों की नियुक्ति और मूंग खरीदी को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पद खाली नहीं रहेगा और सभी नियुक्तियां निश्चित समय पर की जाएंगी। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा हर नियुक्ति निश्चित समय पर करती है। सरकार या पार्टी में कोई भी पद खाली नहीं रहेगा। उन्होंने नगर परिषदों में एल्डरमैन की नियुक्तियों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि कई कार्यकर्ता इन विषयों के जानकार हैं, जिन्हें शासन ने नगर पालिका और नगर परिषद में नियुक्त किया है। ये अपनी जानकारी और ज्ञान का उपयोग नगर के विकास में करेंगे। प्रदेश में मूंग खरीदी न होने के सवाल पर प्रदेशाध्यक्ष ने किसानों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा, 'जो आपने पूछा वह हुआ न। आगे भी निश्चिंत रहिए। भाजपा किसानों की सरकार है।' इस बयान से उन्होंने मूंग खरीदी को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को 'राष्ट्र प्रथम' का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो राष्ट्र को प्रथम रखते हुए कार्य करता है, पार्टी दूसरे नंबर पर और कार्यकर्ता तीसरे नंबर पर आता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बड़ा दिल रखकर काम करने, पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करने और उनसे समय-समय पर मार्गदर्शन लेने का आग्रह किया। खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को यह भी सलाह दी कि यदि कोई साथी किसी कारणवश नाराज हो गया है या दूर हो रहा है, तो उसे वापस पार्टी से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता को अपनी भूल को याद रखते हुए और सामने वाले की भूल को माफ करते हुए बड़े दिल के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि पार्टी और अधिक मजबूत हो सके। समापन सत्र में पूर्व मंत्री कमल पटेल, डॉ. प्रभुराम चौधरी, भरतसिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, देवी सिंह सांखला, बसंत राजपूत, राजेश गोदारा, मनीष निशोद, नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बैठकों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं

# हरदा नपा सहित जिले की तीनों नप में 18 एल्डरमैन मनोनीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मोहन सरकार ने प्रदेश की 123 नगर परिषदों में एल्डरमैन की पहली सूची जारी कर दी है। लंबे इंतजार के बाद रविवार को नगरीय निकायों में एल्डरमैन के नामों की घोषणा की गई। हरदा की नगरपालिका सहित जिले की तीनों नगर परिषदों में कुल 18 एल्डरमैन मनोनीत किए गए हैं। मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य की कुल 123 नगर परिषदों में एल्डरमैन (मनोनीत पार्षदों) की नियुक्तियां की गई हैं। ये नियुक्तियां मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 19 (1) (ग) के तहत की गई हैं। प्रत्येक नगर परिषद में चार-चार पार्षद नियुक्त किए गए हैं। नवनियुक्त पार्षदों का कार्यकाल वर्तमान परिषद के कार्यकाल के साथ समाप्त होगा, या आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। नगर परिषद खिरकिया में हर्षिता राजपूत, अमित तिवारी, बबलू पंवार और विष्णु मोरी को एल्डरमैन बनाया गया है। नगर परिषद टिमरनी में नन्हेलाल कौशल, अरुण कुमार तिवारी, मनमोहन सिंहल और महेन्द्र बाबा पटेल मनोनीत हुए हैं। वहीं, नगर परिषद सिराली में पदम पटेल, मुन्नालाल कुशवाह, अशोक सांगुले और कन्हैयालाल मालवीय को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। एल्डरमैन नगर निकायों (नगर निगम, पालिका, परिषद) में सरकार द्वारा मनोनीत अनुभवी या विशिष्ट नागरिक होते हैं। इनका मुख्य कार्य स्थानीय प्रशासन, विकास कार्यों और नीतियों के निर्माण में पार्षदों को तकनीकी सलाह और परामर्श देना है। ये नगरीय निकायों की बैठकों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

#### हरदा में एल्डरमैन नियुक्ति

हरदा में नियुक्त एलडरमैन में एड. प्रियंका दुबे पिता गणेश नारायण दुबे, नवीन असरानी पिता तोलाराम असरानी, गजानंद डाले पिता स्व. गयाप्रसाद डाले, मनसुख लोहाना पिता स्व. तुलसीदास लोहाना, चंद्रशेखर रघुवंशी पिता नाथूराम रघुवंशी, नरेन्द्र सैनी, पिता स्व. फत्तूलाल सैनी शामिल हैं।

# खत्म नहीं हो रहा गैस सिलेंडर का संकट मजदूर से लेकर पुलिस तक एक कतार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




जिले में रसोई गैस का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि शहर की गैस एजेंसियों पर सुबह से उपभोक्ताओं की कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं।

हालत इतनी विकट है कि क्या मजदूर और क्या पुलिस जवान, हर कोई अपने घर का चूल्हा जलाने के लिए घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर है। शनिवार को भी शहर की तीनों प्रमुख एजेंसियों पर भारी अफरा तफरी का माहौल देखा गया।बता दें जिला मुख्यालय स्थित मछलीपुल की मेहमूद हुसैन गैस एजेंसी, लीसा टॉकीज के पास स्थित बग्गा एजेंसी और तहसील चौराहा स्थित तत्पर गैस एजेंसी पर पिछले कई दिनों से संकट जैसे हालात बने हुए हैं। लोग सुबह होते ही ऑफलाइन नंबर लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। कतारों में खड़े लोगों के हाथों में खाली सिलेंडर और गैस डायरी देखी जा सकती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस नहीं मिलने से भारी परेशानी हो रही है।

कई लोग तो अपना जरूरी काम और मजदूरी छोडक़र सिर्फ इसलिए कतार में लगे हैं ताकि घर का खाना बन सके। दावों और हकीकत में अंतरहैरानी की बात यह है कि एक तरफ जिला प्रशासन लगातार यह दावा कर रहा है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है।

लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों को पूरी तरह झुठला रही है। यदि आपूर्ति सामान्य है तो फिर एजेंसियों के बाहर यह भीड़ और हाहाकार क्यों? नागरिकों का आरोप है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के हफ्तों बाद भी सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें खुद एजेंसी तक दौड़ लगानी पड़ रही है।

ईरान-इजराइल युद्ध का असर अब किचन तकवैश्विक स्तर पर चल रहे ईरान-इजराइल युद्ध की तपिश अब सीधे तौर पर मध्यम और गरीब परिवारों की रसोई तक पहुंच गई है। गैस नहीं मिलने से हर आम व्यक्ति परेशान हैं। गैस के संकट ने गृहिणियों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

# मुस्लिम समुदाय के सामूहिक निकाह सम्मेलन में 47 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थाम लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

खेड़ीपुरा स्थित ईदगाह में रविवार को मुस्लिम समुदाय का सामूहिक निकाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें 47 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य निकाह में होने वाली फिजूलखर्ची और सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगाना था।

सम्मेलन में हरदा सहित आसपास के गांवों और शहरों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। यह सामूहिक निकाह गौसो ख्वाजा गंजे शकर वेलफेयर कमेटी द्वारा 'ऑल मुस्लिम समाज इज्तिमाई निकाह शादी सम्मेलन' के तहत आयोजित किया गया था। कमेटी का मकसद शादियों में होने वाले अनावश्यक खर्च, दिखावे और बढ़ती कुरीतियों को रोकना है। इस सम्मेलन में सभी 47 जोड़ों और उनके रिश्तेदारों ने एक ही पंडाल में निकाह किया। पूरे आयोजन का खर्च सामूहिक भागीदारी से वहन किया गया। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में लोग शादियों में दिखावे के लिए अनावश्यक खर्च करते हैं, जिससे गरीब तबके के लोग भी प्रभावित होते हैं और कई परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो जाते हैं। इन परिवारों को बर्बादी से बचाने के लिए यह आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने सभी 47 जोड़ों को गृहस्थी का सामान भी प्रदान किया। इसमें टीवी, फ्रिज, सोफा सेट, अलमारी, वॉशिंग मशीन, पलंग, कूलर, सिलाई मशीन, बर्तन और जेवरात शामिल थे। इस अवसर पर गौसो ख्वाजा गंजे शकर वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष मो. अनीस, उपाध्यक्ष जाफर हुसैन, सचिव मकसूद अहमद, आसिफ और कोषाध्यक्ष अलीम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मकसूद अहमद ने कहा कि ऐसे आयोजन एक मिसाल पेश करेंगे, जिससे अनावश्यक खर्च और दिखावे में कमी आएगी तथा एक सम्मानजनक माहौल बनेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे अन्य समाज भी प्रेरणा लेंगे। आयोजकों ने बताया कि कई परिवारों को अपनी आर्थिक स्थिति के कारण बच्चों के निकाह की चिंता थी। इस सम्मेलन से सभी परिवारों ने खुशी जाहिर की। परिजनों ने कार्यक्रम स्थल से ही अपनी बेटियों की विदाई की और दूल्हा-दुल्हन के खुशहाल जीवन की कामना की।

# 30 रुपए लेन-देन के विवाद में दराते से किया हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

थाना क्षेत्र की आदर्श कॉलोनी में 30 रुपये के मामूली लेन-देन ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे आकाश मालवीय सिगरेट लेने बादल मेवाड़ा की दुकान पर पहुंचा था। इसी दौरान पैसों को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि मौके पर मौजूद बादल सिंह और उसका पुत्र कृष्णा मेवाड़ा भी इसमें कूद पड़े। देखते ही देखते कहासुनी धक्का-मुक्की में बदल गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। गुस्से में बेकाबू आकाश मालवीय ने पहले बादल और कृष्णा पर पत्थर से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद मामला शांत होने के बजाय और भड़क गया। आरोप है कि आकाश शराब के नशे में अपने घर गया और वहां से दराता लेकर वापस हॉस्पिटल चौराहे के पास पहुंच गया। हाथ में धारदार हथियार लेकर घूमते आरोपी को देखकर इलाके में दहशत फैल गई और लोग सहम गए।

# मरीह माता मंदिर में संस्कार मंच ने गरबा करने वाली कन्याओं को सम्मानित किया

### सुहागन महिलाओं को सुहाग की सामग्री का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर दसवी के पावन अवसर पर यहां पर भजन-कीर्तन के साथ गरबा करने वाली करीब दो दर्जन से अधिक कन्याओं का संस्कार मंच द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा और मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी आदि शामिल थे। मंदिर परिसर में साल भर में आने वाली चार नवरात्रि के पावन अवसर पर माता की साधना और पूजा अर्चना की जाती है।

यहां पर हर नवरात्रि पर माता का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इसके अलावा चैत्र और शरदीय नवरात्रि के मौके पर कन्याओं के द्वारा गरबा की प्रस्तुति दी जाती है। मंच और मंदिर के द्वारा नवमी और दसवी पर सुहागन महिलाओं को सुहाग की सामग्री का वितरण किया गया और वहीं गरबा करने वाली दो दर्जन कन्याओं को चुनरी उड़ाकर सम्मान किया गया। संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि देवी पुराण और अन्य प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, गरबा केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी शक्ति की आराधना और भक्ति का एक शक्तिशाली माध्यम है। नवरात्रि के दौरान किया जाने वाला यह नृत्य आत्म-साक्षात्कार, सृजन और ब्रह्मांडीय ऊर्जा से जुड़ने का प्रतीक है।

### श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी-मेगा लीगल आउटरीच और अवेयरनेस कैंप लगा

# कुलगुरु डॉ. मुकेश के मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थी शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, सीहोर के स्कूल ऑफ लॉ (विधि संकाय) के विद्यार्थियों ने मेगा लीगल आउटरीच एवं अवेयरनेस कैंप में उत्साह, समर्पण और सक्रियता के साथ भाग लेते हुए समाज में विधिक जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया।

यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के तत्वावधान में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन से छात्रों को इस महत्वपूर्ण आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। वहीं, स्कूल ऑफ लॉ की डीन डॉ. अमृता सोनी द्वारा विद्यार्थियों को इस प्रकार के सामाजिक एवं विधिक कार्यक्रमों में सहभागिता हेतु विशेष रूप से प्रेरित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना और अधिक मजबूत हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव कुमार(प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) द्वारा की गई। इस अवसर पर हेमंत जोशी (स्पेशल जज), बालगुरु के.(कलेक्टर, सीहोर), पुलिस अधीक्षक सहित अनेक प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।साथ ही, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वपनश्री, जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी सीहोर एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक डॉ. अखलेश शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया।इस अभियान में स्कूल ऑफ लॉ के एचओडी शोभा व्यास का विशेष सहयोग रहा, साथ ही असिस्टेंट प्रोफेसर यशवर्धन तिवारी के मार्गदर्शन में छात्रों—अंकुश बढ़कुर, उत्तरदीप, अनिल मालवीय, अंजली, दिव्या, हरिओम, रुचिता, पलक, मीना प्रसाद, प्रीति, तरुण शर्मा आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए आमजन को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया

।कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एल.एल.बी. द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजली झावरिया सहित अन्य विद्यार्थियों द्वारा रक्तदान भी किया गया, जो मानवता और सेवा भाव की एक प्रेरणादायक मिसाल रहा।कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण यह भी रहा कि विधि के फाइनल ईयर के छात्र प्रद्युम्न के अंतर्जातीय विवाह के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया, जो समाज में समानता, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा गया।यह कार्यक्रम न केवल विधिक साक्षरता को बढ़ावा देने में सफल रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक व्यवहारिक शिक्षण अनुभव भी साबित हुआ। इस पहल ने यह सिद्ध किया कि युवा विधि छात्र समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# महायज्ञ का ध्वजारोहण और यज्ञ शाला का भूमि पूजन संपन्न हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नरसिंह लक्ष्मी मंदिर मश्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का ध्वजारोहण एवं यज्ञशाला का भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर संत माधव दास महाराज, नमिता अखिलेश राय और पंडित कुणाल व्यास ने आगामी दिनों में होने वाले पंच कुंडी यज्ञ का भूमि पूजन के साथ मंदिर परिसर के समीप विशाल क्षेत्र में ध्वजारोहण किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंडित कुणाल व्यास ने बताया कि संत माधव दास महाराज श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर के मार्गदर्शन में आगामी दिनों में होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई है। महायज्ञ के लिए शुक्रवार की सुबह नौ बजे शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नरसिंह लक्ष्मी मंदिर में पूर्ण विधि-विधान से ध्वजारोहण एवं यज्ञशाला का भूमि पूजन का भव्य आयोजन किया गया। यहां पर सुबह से भगवान नरसिंह का विशेष अभिषेक के पश्चात मंदिर परिसर में भगवान शंकर और हनुमान जी की पूजा अर्चना की। पंडित श्री व्यास ने बताया कि शुक्रवार को भूमि पूजन के साथ मंदिर परिसर में ध्वजारोहण का दिव्य अनुष्ठान रामनवमी के पावन अवसर पर किया गया है।